प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 सोमवार दिनांक 06.04.2026

मुख्य समाचारः—

- भाजपा आज अपना सैंतालीसवां स्थापना दिवस मना रही है—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पार्टी ने भारतीय राजनीति में राष्ट्र—प्रथम का नया सिद्धांत स्थापित किया।
- राम अवतार जग्गी हत्या मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अमित जोगी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई—इधर, सर्वोच्च न्यायालय में अमित जोगी की विशेष अनुमति याचिका पर हुई सुनवाई।
- छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर आज एनएसयूआई ने किया राज्य के विभिन्न शासकीय विश्वविद्यालयों के समक्ष प्रदर्शन।

- मौसम विभाग ने कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर अंधड़, वज्रपात और ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी।

<u>भाजपा—स्थापना दिवस</u>

भारतीय जनता पार्टी आज अपना सैंतालीसवां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने कहा कि पार्टी हमेशा से 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत से प्रेरित होकर समाज सेवा में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता निस्वार्थ सेवा, अटूट समर्पण और सुशासन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं।

अपने वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा कि हमारी पार्टी ने जनकल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

हम एक ओर अपने मूल्यों पर अडिंग है। वही जन कल्याण को अपनी प्राथमिकता बनाया। हमारे पास संसाधन सीमित थे, लेकिन हमारी पार्टी लोगों की सेवा के लिए समर्पित रही। चाहे

आपदा हो या समाज में कोई सकारात्मक बदलाव हो हर जगह हमारे कार्यकर्ता सेवा भाव से जनता के बीच उपस्थित रहें। इसी सेवाभाव के कारण लोगों का बीजेपी पर विश्वास बढ़ता चला गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने महिला आरक्षण के अपने वादे को पूरा किया है।

भाजपा स्थापना दिवस–छत्तीसगढ़

भारतीय जनता पार्टी ने अपने सैंतालीसवें स्थापना दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ध्वजारोहण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने भाजपा के पितृ पुरूषों की प्रतिमाओं को नमन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है जो अपने कार्यकर्ताओं के लगातार कठोर परिश्रम और पितृ पुरूषों के त्याग से सशक्त हुआ है। श्री साय ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि उनके समर्पण और नेतृत्व के कारण ही पार्टी आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत बनी है और छत्तीसगढ़ लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

वहीं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस दौरान श्री देव ने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कठोर परिश्रमी और निष्ठावान होता है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा स्थापना दिवस पर प्रदेश में बारह अप्रैल तक सेवा सप्ताह और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेष महामंत्री यषवंत जैन ने बताया कि इस दौरान बूथ स्तरीय बैठकें और जिला सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। साथ ही कल सात अप्रैल से बारह अप्रैल तक 'गांव–बस्ती चलो' अभियान के तहत जनसंपर्क कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

एलपीजी–आपूर्ति

केन्द्र सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध होंगे। इन सिलेंडरों की कीमत बाजार दर पर रखी गई है और इनकी खरीद के लिए किसी पते के प्रमाण की आवष्यकता नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी वितरण केन्द्र पर इन सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने जोर दिया कि पेट्रोल, डीज़ल या रसोई गैस की देष में कोई कमी नहीं है और घबराहट में खरीद की जरूरत नहीं है।

हाईकोर्ट–अमित जोगी

राम अवतार जग्गी हत्या मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हाईकोर्ट ने दो हजार सात में ट्रायल कोर्ट द्वारा दिए गए बरी के आदेष को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि जिन साक्ष्यों के आधार पर अन्य आरोपियों को दोषी ठहराया गया, उन्हीं साक्ष्यों के रहते अमित जोगी को बरी किया जाना न्यायसंगत नहीं था। कोर्ट ने इस आधार पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई की अपील स्वीकार कर ली। हाईकोर्ट ने अमित जोगी को भारतीय दंड संहिता की धारा तीन सौ दो और एक सौ बीस–बी के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास तथा एक हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि अमित जोगी, जो वर्तमान में जमानत पर हैं, वे तीन सप्ताह के भीतर संबंधित न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करें।

गौरतलब है कि चार जून वर्ष दो हजार तीन को रायपुर में एनसीपी नेता राम अवतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले की जांच बाद में सीबीआई को सौंपी गई थी, जिसमें हत्या के पीछे

साजिश होने की बात सामने आई थी। इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने अन्य आरोपियों को पहले ही दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

इस बीच, आज सुप्रीम कोर्ट में अमित जोगी द्वारा लगाई गई विषेष अनुमति याचिका–एसएलपी पर न्यायाधीश विक्रम नाथ और संजीव मेहता की बैंच में सुनवाई हुई। अमित अजीत जोगी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, मुकुल रोहतगी, विवेक तन्खा और सिद्धार्थ दवे उपस्थित हुए। सुप्रीम कोर्ट ने अमित जोगी को अंतिम निर्णय के विरुद्ध बीस अप्रैल के पहले याचिका दायर करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रकरण पर अब बीस अप्रैल को सुनवाई होगी।

<u>एनएसयूआई–प्रदर्शन</u>

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन–एनएसयूआई द्वारा छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर आज रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय सहित राज्य के विभिन्न शासकीय विश्वविद्यालयों के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्र–छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए छात्र संघ चुनाव जल्द बहाल करने की मांग की।

प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, धमतरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय और दुर्ग स्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में भी एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया।

<u>ताड़मेटला–बरसी/उपमुख्यमंत्री–स्वागत</u>

आज ताड़मेटला में हुए नक्सली हमले की सोलहवीं बरसी है। शहीद जवानों की याद मे यहां शहीद स्मारक बनाया गया है। आज सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान देश की सुरक्षा और एकता का अमूल्य आधार है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

गौरतलब है कि वर्ष दो हजार दस में हुए इस नक्सल हमले में सीआरपीएफ के छिहत्तर जवान शहीद हुए थे।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा पहुंचे। सशस्त्र नक्सलवाद की समाप्ति की नियत तिथि के बाद कवर्धा पहुंचने पर नागरिक अभिनंदन समारोह में उनका स्वागत किया गया।

दुर्घटना

प्रदेश में आज विभिन्न सड़क हादसों में दस लोगों की मौत हो गई है।

सरगुजा जिले के गांधीनगर थाना क्षेत्र के सकालो के पास आज तेज रफ्तार ट्रक और कार की आमने–सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों में एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं।

वहीं, अंबिकापुर–बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भिट्ठिकला के पास बीती शाम तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने सड़क किनारे पैदल जा रहे लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने घायल महिला के बेहतर उपचार और हर संभव प्रशासनिक सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं, जांजगीर जिले के बलौदा थाना के बुचीहरदी गांव में चारपहिया एक वाहन और कार की टक्कर में कार सवार पिता–पुत्र की मौत हो गई है। वहीं, दो अन्य व्यक्ती घायल हो गए हैं। जबकि चारपहिया वाहन में सवार नौ लोगों को मामूली चोटें आई है। मृतक अकलतरा के अमोरा गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

इस बीच, अब से कुछ देर पहले बालोद जिले में ट्रैक्टर पलटने से दो लोगों की मौत हो गई है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़, वज्रपात और ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी गई है। अगले चौबीस घंटों के दौरान सभी संभागों में वर्षा के आसार हैं, जबकि आठ अप्रैल को दक्षिण छत्तीसगढ़ में बारिष हो सकती है।

आज दोपहर राजधानी रायपुर में तेज हवा के साथ ही हल्की वर्षा हुई। वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के शिवरीनारायण में ओले गिरने से फल और सब्जी की फसल को नुकसान होने की खबर मिली है।

इस बीच, कांकेर जिले के पखांजूर क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई है।

संक्षिप्त समाचार

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जषपुर के पूर्व विधायक और समाजसेवी जगेश्वर राम भगत के निधन पर गहरा शोक जताया है।
- राज्यपाल रमेन डेका ने जशपुर जिले की समीक्षा बैठक में विषेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा और बिरहोर परिवारों के लिए हर माह मेडिकल कैंप लगाने के निर्देश दिए।
- लोक निर्माण विभाग ने नौ बायपास सड़कों के लिए चार सौ अड़तालीस करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इसके तहत रायगढ़ जिले में तीन, धमतरी और बलौदाबाजार में दो–दो बायपास बनेंगे।
- रायपुर जिले में राजस्व पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में नक्शा, खसरा और प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है।